# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.09.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- समुद्र से समृद्धि कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री ने समुद्री व्यापार को बढ़ाने के लिए सात हजार आठ सौ करोड़ रूपए की योजनाओं का उद्घाटन किया।
- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत बुनियादाबाद में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भाजपा का आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पच्चीस सितम्बर से होगा शुरू। पार्टी के नेताओं ने अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की।
- स्वराज द्वीप में राजस्व मामलों का हुआ समाधान। उपमंडल अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का किया दौरा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के भाव नगर में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत को आत्मनिर्भर बनाने का आह्‌वान किया। उन्होंने कहा कि दो हजार सैंतालीस तक भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में खड़ा करना है। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने बत्तीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें प्रमुख समुद्री परियोजनाओं में सात हजार आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक की योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने भारत के समुद्री व्यापार में हिस्सेदारी तीन गुना करने का लक्ष्य रखा और कहा कि इक्कीसवीं सदी में समुद्र भारत के विकास का एक महत्वपूर्ण साधन बनेगा।

प्रधानमंत्री ने स्वदेशी जहाज निर्माण की भारत की क्षमता का उल्लेख करते हुए आई एन एस विक्रांत का उदाहरण दिया और कहा कि अब देश में बैंकों से लोन और इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग के जरिए इस क्षेत्र को और मजबूत किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में, देश में कर–व्यवस्था में सुधार की घोषणा की थी ताकि आम जनता पर से आर्थिक बोझ कम हो। नई दरें आगामी सोमवार से लागू हो रही हैं। आज इस क्रम में हम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षेत्र पर जीएसटी सुधार के प्रभावों की चर्चा कर रहे हैं।

<><><><><><><>

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत, बुनियादाबाद स्थित सामुदायिक भवन में आज एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि लक्ष्मी गणेशन और के. गणेशन द्वारा किया गया। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ, एनसीडी स्क्रीनिंग, टीबी स्क्रीनिंग, एनीमिया स्क्रीनिंग, एएनसी जांच, टीकाकरण, मासिक धर्म स्वच्छता और पोषण से संबंधित जागरूकता प्रदान की गई। आई सी डी एस फूड बास्केट के सहयोग से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वस्थ व्यंजनों का प्रदर्शन किया। इस शिविर में कुल पचास मरीज़ लाभान्वित हुए।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी द्वारा अत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की शुरुआत पच्चीस सितम्बर को डॉ. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर की जाएगी। यह अभियान भारत रत्न एवं पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर समाप्त होगा। आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन, मिडल प्वाइंट में राज्य स्तरीय

कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। श्री तिवारी ने कार्यकर्ताओं से अभियान में भाग लेने की अपील की, वहीं श्री कुलकर्णी ने अभियान में समाज के सभी वर्गों को शामिल करने का संदेश दिया। कार्यशाला में पार्टी के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

स्वराज द्वीप में स्थानीय मुद्दों के समाधान और सार्वजनिक सेवा वितरण तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से दक्षिण अंडमान जिले के उप–मंडल अधिकारी, कमलेश्वर राव ने क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने श्याम नगर पंचायत हॉल में राजस्व शिविर अदालत की अध्यक्षता की, जिसमें आम जनता के लंबित राजस्व मामलों का समाधान किया गया। इसके बाद, श्री राव ने गोविंद नगर और श्याम नगर पंचायतों के पी आर आई प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की, जहां विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई और समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय का आश्वासन दिया। श्री राव ने स्वराज द्वीप के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा भी किया और वहां की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की।

<><><><><><><>

आर.के. मिशन में मातृ बोंदोना पर कल एक विशेष संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक धरोहर और मातृभाषा के महत्व के प्रति जागरुक करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक लोग इस कार्यक्रम में शाम साढ़े छह बजे भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन श्री शारदा संघ, श्री विजय पुरम द्वारा किया जा रहा है।

<><><><><><><>

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत, केंद्र शासित प्रदेश स्वास्थ्य मिशन और अनिम्स द्वारा प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र मंगलूटन में एक मिनी आर सी एच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अस्सी से अधिक मरीज़ों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम की शुरुआत पलानी कुमार और लक्ष्मी सिंह ने की। इस अवसर पर डॉ. एच एम सिद्धाराजू और डॉ. शाइनी वर्गीस ने एन सी डी क्लीनिकों के महत्व पर चर्चा की। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुमन लकड़ा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप रेड्डी कटकुरी और अन्य विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। इसके अलावा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वस्थ व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई। इस पहल को डी एच एस द्वारा सराहा गया और स्थानीय समुदाय ने इसका गर्मजोशी से स्वागत किया।

<><><><><><><>